## आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 13.08.2026 समय : 0705

**<><><><><><><>**

1. आज होने वाले फुल ड्रेस रिहर्सल और 15 अगस्त को होने वाले स्वतंत्रता दिवस के मुख्य समारोह के लिए यातायात व्यवस्था की गई है।
2. स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर आकाशवाणी, श्री विजयपुरम कल शाम 7 बजे राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का देश के नाम संबोधन का प्रसारण करेगा।
3. तटीय सुरक्षा को मजबूत करने के लिए 10 नए रबराइज्ड इन्फ्लेटेबल बोट्स पुलिस मरीन फोर्स में शामिल किए गए।
4. कोलकाता से आ रहे जहाज एम.वी. स्वराज द्वीप के कल सुबह 6 बजे तक श्री विजयपुरम पहुंचने की संभावना है।

<><><><><><><>

आज होने वाले फुल ड्रेस रिहर्सल और 15 अगस्त को होने वाले स्वतंत्रता दिवस के मुख्य समारोह के लिए यातायात की व्यवस्थाएं की गई है। इसके अनुसार वीआईपी और पास धारकों के लिए पार्किंग की व्यवस्था की गई है। उपराज्यपाल और अन्य गणमान्य व्यक्तियों के वाहन नेताजी स्टेडियम के अंदर सुबह साढ़े आठ बजे तक पार्क करने होंगे। गुलाबी पासधारकों के वाहन अंडमान क्लब और स्पोर्ट्स हॉस्टल के सामने पार्किंग क्षेत्र में सुबह 8 बजकर 15 मिनट तक पार्क करने होंगे। पीले पासधारकों को अपने वाहन सुबह 8 बजे तक मॉडल स्कूल – क्लॉक टॉवर – जिमखाना क्रॉसिंग से होते हुए नेताजी स्टेडियम के मुख्य गेट के पश्चिमी ओर तथा स्विमिंग पूल के पास पार्क होंगे। बिना पास वाले वाहन वाटर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स और गर्ल्स स्कूल पार्किंग के पास पार्क किए जाएंगे। अबरडीन बाजार से साउथ प्वाइंट जाने वाले वाहनों को मॉडल स्कूल क्रॉसिंग से बंगाली क्लब – गोलघर – सचिवालय जंक्शन – पुलिस लाइन और नयागांव की ओर जाना होगा। साउथ प्वाइंट से अबरडीन बाजार जाने वाले वाहन साउथ प्वाइंट से शादीपुर – नयागांव जंक्शन – पुलिस लाइन – आरबीवी – सचिवालय जंक्शन – गोलघर मार्ग की तरफ जाएंगे। भारी वाहनों और बसों को सुबह 7 से 11 बजे

तक सेलुलर जेल की ओर जाने की अनुमति नहीं होगी। इन्हें बंगाली क्लब से गोलघर और जंगलीघाट की ओर डायवर्ट किया जाएगा। समारोह स्थल की ओर वाई–नारायण जंक्शन से आर.के. मिशन, फायर ब्रिगेड जंक्शन और वाटर स्पोर्ट्स जंक्शन से सुबह साढ़े आठ बजे के बाद किसी भी वाहन को जाने की अनुमति नहीं होगी। जी.बी. पंत अस्पताल जाने वाले वाहनों को सुबह 7 से 11 बजे तक गांधी प्रतिमा से मरीन गेट – सिस्टी नगर – डिग्नाबाद सी शोर रोड – खान जंक्शन – अस्पताल निकास द्वार की ओर जाना होगा। आपातकालीन वाहनों को वाई–नारायण जंक्शन – सेलुलर जेल  होते हुए जी.बी. पंत अस्पताल मार्ग का उपयोग करना होगा। यह मार्ग सुबह साढ़े आठ बजे से 11 बजे तक ही खुला रहेगा। परेड टुकड़ियों के वाहन जवानों को छोड़ने के बाद वाटर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स तथा गर्ल्स स्कूल पार्किंग में रहेंगे और परेड के समापन के बाद वाई–नारायण जंक्शन होकर वापस लौटेंगे। आज और 15 अगस्त को अबरडीन जेटी से रोस आइलैंड और नॉर्थ बे जाने वाली निजी पर्यटक नौकाओं का संचालन जंगलीघाट जेटी से किया जाएगा।

<><><><><><><>

आकाशवाणी, श्री विजयपुरम की ओर से स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर कल शाम 7 बजे राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का देश के नाम संबोधन का प्रसारण किया जाएगा। 15 अगस्त को सुबह 7 बजे से दिल्ली के लाल किले की प्राचीर से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा ध्वजारोहण और देश के नाम संदेश और सुबह आठ बजकर पचास मिनट से द्वीपों के उप–राज्यपाल सेवानिवृत्त एडमिरल डी के जोशी द्वारा नेताजी स्टेडियम से ध्वजारोहण और द्वीपवासियों के संबोधन का सीधा प्रसारण किया जाएगा।

<><><><><><><>

केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड–सीबीएसई ने 12वीं कक्षा की पूरक परीक्षा 2026 के परिणाम घोषित कर दिए हैं। विद्यार्थी डिजिलॉकर रिजल्ट पोर्टल के माध्यम से results.digilocker.gov.in पर अपना परीक्षा परिणाम देख सकते है।

<><><><><><><>

द्वीपसमूह कीयात्रा के दौरान भारतीय स्टेट बैंक, स्थानीय प्रधान कार्यालय, कोलकाता के नेटवर्क–टू के महाप्रबंधक नवीन कुमार गुप्ता के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने, स्थानीय वरिष्ठ एसबीआई अधिकारियों के साथ कल लोक निवास में उपराज्यपाल सेवानिवृत्त एडमिरल डी.के. जोशी से शिष्टाचार भेंट की। बैठक के दौरान कैंसर और अन्य स्वास्थ्य देखभाल क्षेत्रों से संबंधित कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व पहलों पर चर्चा की गई।

<><><><><><><>

द्वीपसमूह में तटीय सुरक्षा और समुद्री परिचालन क्षमताओं को मजबूत करने की दिशा में कदम उठाते हुए, उपराज्यपाल सेवानिवृत्त एडमिरल डी.के. जोशी, ने लोक निवास में आयोजित एक समारोह में 10 नए खरीदे गए रबराइज्ड इन्फ्लेटेबल बोट्स को पुलिस मरीन फोर्स में औपचारिक रूप से शामिल किया। नई नावें तटीय निगरानी और गश्त, खोज एवं बचाव अभियान, अवैध शिकार विरोधी अभियान, संदिग्ध जहाजों की जांच, उथले पानी के संचालन और आपात स्थिति में त्वरित प्रतिक्रिया क्षमताओं को बढ़ाएंगी। साथ ही दूरस्थ द्वीपों जैसे नारकोंडम, तिलांग चांग और अन्य महत्वपूर्ण लुकआउट पोस्टों तक कर्मियों, उपकरणों और आवश्यक आपूर्ति के परिवहन में भी आसानी प्रदान करेंगी।

<><><><><><><>

कोलकाता से आ रहे जहाज एम.वी. स्वराज द्वीप के कल सुबह 6 बजे श्री विजय पुरम पहुंचने की संभावना है। इस जहाज में 140 यात्री सवार है और इससे 160 से अधिक मीट्रिक टन माल लाया जा रहा है। अपनी वापसी यात्रा के दौरान यह जहाज 17 अगस्त सुबह 10 बजे श्री विजय पुरम से चेन्नई के लिए रवाना होगा। सामान का लादान 16 अगस्त को दोपहर 2 बजे से शाम 4 बजे तक किया जाएगा। यात्रियों को जहाज पर चढ़ाने का कार्य 17 तारीख को सुबह 7 बजे से 9 बजे तक किया जाएगा।

<><><><><><><>

भारतीय वायु सेना की ओर से द्वीपसमूह के युवाओं के लिए 31 अगस्त से 7 सितंबर तक नेताजी स्टेडियम में अग्निवीर वायु इनटेक के तहत ओपन भर्ती रैली का आयोजन किया जाएगा। इस संबध में अधिक जानकारी भारतीय वायु सेना वेब पोर्टल पर उपलब्ध है।

<><><><><><><>

मध्योत्तर अंडमान के मायाबंदर में नेताजी स्पोर्ट्स स्टेडियम के पास आदर्श ब्लॉक लेवल फेडरेशन के नए कार्यालय भवन का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर अपर जिला मजिस्ट्रेट एस. कृष्णा चैतन्य मुख्य अतिथि, जबकि पंचायत समिति प्रमुख शिबानी मजूमदार विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। गणमान्य व्यक्तियों ने 'दीनदयाल अंत्योदय योजना – राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन' के तहत महिला नेतृत्व वाले सामुदायिक संस्थानों को बढ़ावा देने और स्वरोजगार गतिविधियों का समर्थन करने में आदर्श ब्लॉक लेवल फेडरेशन के प्रयासों की सराहना की।

<><><><><><><>

डॉ. बी. आर. अम्बेडकर प्रौद्योगिकी संस्थान में नए बी.टेक छात्रों के लिए अनिवार्य इंडक्शन प्रोग्राम "आरंभ–2026" का उद्घाटन किया गया। यह तीन सप्ताह का कार्यक्रम 29 अगस्त तक बी.टेक सिविल इंजीनियरिंग, कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग और इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्यूनिकेशन इंजीनियरिंग के प्रथम वर्ष के छात्रों के लिए आयोजित किया जा रहा है। उद्घाटन समारोह में डीब्रेट की प्राचार्या प्रो. (डॉ.) सन्मुख कौर, विभागाध्यक्ष और संकाय सदस्य उपस्थित रहे।

<><><><><><><>

महात्मा गांधी राजकीय महाविद्यालय, मायाबंदर में शैक्षणिक सत्र 2026–27 के लिए विभिन्न स्नातक पाठ्यक्रमों में रिक्त पड़ी सीटों पर सीधा प्रवेश लिया जाएगा। इच्छुक उम्मीदवार कल सुबह साढ़े नौ बजे से स्पॉट एडमिशन में भाग ले सकते हैं।

<><><><><><><>

वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में ‘हर घर तिरंगा’ अभियान के तहत भारतीय वनस्पति सर्वेक्षण और पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय नं.– 1, द्वारा संयुक्त रूप से ‘हर घर तिरंगा रैली’ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण भी किया गया।

<><><><><><><>